Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 15 नवंबर, 2022

झारखंड राज्य गठन दिवस

15 नवंबर, 2000 को **भारत संघ के 28वें राज्य** के रूप में झारखंड का निर्माण हुआ। झारखंड राज्य आदिवासियों की गृहभूमि है। झारखंड में मुख्य रूप से **छोटा नागपुर पठार और संथाल परगना के वन क्षेत्र शामिल** हैं। यहाँ की अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक परंपराएँ हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात **'झारखंड मुक्ति मोर्चा'** ने नियमित रूप से आंदोलन किया, जिस कारण सरकार ने वर्ष **1995 में 'झारखंड क्षेत्र परिषद'** की स्थापना की और इसके पश्चात् यह राज्य पूर्णत: अस्तित्व में आया। **बाबूलाल मरांडी** झारखंड राज्य के **प्रथम मुख्यमंत्री थे।** इन्होंने **वर्ष 2006 में** भारतीय जनता पार्टी छोड़कर **'झारखंड विकास मोर्चा'** की स्थापना की थी। झारखंड भारत का एक प्रमुख राज्य है जो गंगा के मैदानी भाग के दक्षिण में है। झारखंड राज्य में बहुत **बड़ी संख्या में घने वन हैं जहाँ अनेकों वनस्पतियाँ पाई जाती हैं,** यही कारण है कि राज्य का नाम झारखंड पड़ा है। **संपूर्ण भारत में वनों के अनुपात में यह प्रदेश एक अग्रणी राज्य माना जाता है** तथा वन्यजीवों के संरक्षण के लिये मशहूर है। **'झारखंड' का शाब्दिक अर्थ है- "वन का क्षेत्र"।** झारखंड के **पूर्व में पश्चिम बंगाल, पश्चिम में उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़, उत्तर में बिहार तथा दक्षिण में ओडिशा है।** औद्योगिक नगरी **राँची इसकी राजधानी है। इस प्रदेश के अन्य बड़े शहरों में धनबाद, बोकारो एवं जमशेदपुर शामिल हैं तथा** वर्तमान समय में झारखंड राज्य के कुल **ज़िलों की संख्या 24 है।**

नवजात शिशु दिवस (सप्ताह)

नवजात शिशु देखभाल सप्ताह देश में प्रतिवर्ष 15 से 21 नवंबर मनाया जाता है। इस सप्ताह को मानने का उद्देश्य **बच्चे की उत्तरजीविता और विकास के लिये नवजात शिशु की देखभाल के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।** बच्चे की उत्तरजीविता के लिये **नवजात काल की अवधि (जीवन के पहले अठाईस दिन)** महत्त्वपूर्ण होते है, क्योंकि इस अवधि में बाल्यवस्था के दौरान किसी अन्य अवधि की तुलना में मृत्यु का जोखिम अधिक होता है। **आजीवन स्वास्थ्य** और विकास के लिये जीवन का पहला महीना आधारभूत अवधि है। स्वस्थ शिशु स्वस्थ वयस्कों में विकसित होते है, जो कि अपने समुदायों और समाजों की उन्नति एवं विकास में योगदान करते हैं। प्रतिवर्ष 26 लाख बच्चे जीवन के पहले सप्ताह में मृत्यु को प्राप्त हो जाते है तथा इसके अतिरिक्त प्रतिवर्ष 2.6 मिलियन बच्चे मृत जन्म लेते हैं। भारत में वर्ष 2013 में 0.75 लाख नवजात शिशुओं की मृत्यु हुई, हालाँकि नवजात शिशु मृत्यु दर (NMR) **वर्ष 2000 में प्रति 1000 जीवित जन्मों में 44 से घटकर वर्ष 2013 में प्रति 1000 जीवित जन्मों में 28 की गिरावट** आई है। यदि हम **वर्ष 2035 तक पाँच वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों** की मृत्यु दर 1000 जन्में बच्चों में 20 या उससे कम करना चाहते है, तो विशिष्ट प्रयास करने होंगें। **नवजात मृत्यु के मुख्य कारण** हैं: अपरिपक्वता, जन्म के दौरान जटिलताएँ, गंभीर संक्रमण। सभी नवजात शिशुओं में बीमारी के ज़ोखिम को कम और उनकी वृद्धि बढ़ाने एवं विकास के लिये आवश्यक **नवजात शिशु देखभाल की आवश्यकता होती है।**

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2022 की घोषणा की है। राष्ट्रपति 30 नवंबर, 2022 को विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगी। टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिये चुना गया है। 25 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिये जाएंगे। खेलों में लाईफ टाइम अचीवमेंट के लिये मेज़र ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार चार खिलाड़ियों को दिया जाएगा। इनमें अश्विनी अक्कुंजी सी, धरमवीर सिंह, बी.सी. सुरेश नीर बहादुर गुरुंग शामिल हैं। इस पुरस्कार को पहले **राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार** के रूप में जाना जाता था, यह भारत में किसी खिलाड़ी को दिया जाने वाला **सर्वोच्च खेल सम्मान** है और इसे वर्ष 1991-92 में स्थापित किया गया था। यह विगत चार वर्ष की अवधि में किसी खिलाड़ी द्वारा खेल के क्षेत्र में शानदार एवं सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल पुरस्कार है। इस पुरस्कार में एक पदक, एक प्रमाण पत्र और 25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार शामिल है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-15-november-2022